दिनांकः 22.06.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा–खाद बीज में मिलावट और इनकी कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
- वंदे गंगा, जल सरंक्षण–जन अभियान में ढाई करोड़ लोगों की भागीदारी रही–42 हजार से ज्यादा जल स्त्रोतों की सफाई की गई।
- एन.आई.ए. ने पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों को शरण देने के आरोप में कश्मीर से दो लोगों को गिरफ्तार किया।
- प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसूनी बारिश पहुंची–मांउट आबू में सबसे ज्यादा 19 सेंटीमीटर पानी बरसा।

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की अगुवाई में आज श्रीगंगानगर के सूरतगढ में खाद बीज गोदाम पर छापेमारी की गई। यहां से डीएपी और अन्य उर्वरकों के करीब 32 हजार कट्टे जब्त किये गये। इनकी कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये बताई गई है। ये खाद किसानों को वितरित की जानी थी। मीडिया से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा कि खाद बीज की कालाबाजारी को लेकर ये अवैध स्टॉक किया गया था।

............

कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में नकली और मिलावटी कृषि उत्पादों की बिक्री पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इससे पहले, बीती रात श्री मीणा ने बीकानेर में कैमिकल और खाद के गोदामों पर कार्यवाही की। इस दौरान बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र और अनाज मंडी में की गई इस छापेमारी में घटिया किस्म का साढे चार सौ क्विंटल से अधिक बायोस्टिमुलेंट और पेस्टीसाइड का भंडार पकड़ा गया।

उधर, भीलवाड़ा के हमीरगढ क्षेत्र के ओजियाड़ गांव में भी खाद फैक्ट्री पर छापा मारा गया। यहां गडबडियां पाये जाने पर 300 मीट्रिक टन खाद की बिक्री पर रोक लगा दी गई है।

गौरतलब है कि कृषि मंत्री पिछले 20 दिनों में पांच जिलों में छापेमारी कर चुके हैं। इसके अलावा कृषि विभाग के 11 अधिकारियों को गडबडियों के आरोप में निलंबित भी किया जा चुका है।

............

केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी आज कोटा दौरे पर रहे। उन्होंने जाखोड़ा में जैविक कृषि अनुसंधान और प्रशिक्षक केन्द्र का जायजा लिया। इस दौरान श्री चौधरी ने जैविक खेती करने वाले किसानों से संवाद भी किया। उन्होंने जैविक खेती को अन्य विधियों से सस्ता और अभिनव बताते हुए नई पीढ़ी को भी इससे जोड़ने पर ज़ोर दिया। केन्द्रीय मंत्री ने किसानों के परिश्रम और अथक प्रयासों की सराहना की।

...............

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। ये सड़क कुड़ी भगतासनी के रामेश्वर नगर में करीब पौने दो करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाएगी। श्री पटेल ने आज जोधपुर में जनसुनवाई भी की। उन्होंने संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ परिवादों को सुना और संबंधित अधिकारियों को समुचित कार्यवाही के निर्देश दिये। इस दौरान श्री पटेल ने कहा कि जनसुनवाई महज एक कार्यक्रम नहीं है। ये सरकार और जनता के बीच सेतु का काम करती है।

............

जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आज पाण्डुलिपि लिप्यंत्रणा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन की ओर से ज्ञान भारतम शीर्षक पर हुई इस 15 दिवसीय कार्यशाला में शास्त्रीय ग्रंथों के संरक्षण के संबंध में चर्चा की गई। केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज इसमें शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की सभ्यता संस्कृति और बौद्धिक सम्पदा ही इसकी असली ताकत है। श्री शेखावत ने कहा कि हमें भारतीय शास्त्रीय ज्ञान की अमूल्य धरोहर को संरक्षित कर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना चाहिए।

...............

अलवर के रामगढ में आज निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने इसका शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रहीं स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में भी बताया।

............

वंदे गंगा, जल सरंक्षण–जन अभियान के तहत प्रदेश में जल संरक्षण और संचयन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचा गया है। 5 जून से 20 जून तक चले इस अभियान के दौरान 3 लाख 70 हजार से अधिक कार्यक्रम हुए। इनमें लगभग ढाई करोड़ नागरिकों ने हिस्सा लिया। महिलाओं की भी इसमें बढ–चढ कर भागीदारी रही। प्रभात फेरियों, कलश यात्राओं, जलाभिषेक, चौपाल तथा श्रमदान के माध्यम से लोगों ने पानी सहेजने और बचाने का संदेश दिया। इस दौरान 42 हजार से ज्यादा जलस्त्रोतों की साफ–सफाई की गई। प्रदेशभर में कार्यालयों, अस्पतालों और शिक्षण संस्थाओं में भी स्वच्छता कार्यक्रम हुए।

............

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एन.आई.ए. ने पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों को शरण देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने बताया कि बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क में रहने वाले बशीर अहमद जोथर को पकड़ा गया है। इन्होंने हमले में शामिल तीन हथियार बंद आतंकियों की पहचान उजागर की है। एजेंसी ने बताया कि सभी आतंकी पाकिस्तानी नागरिक थे और आतंकी गुट लश्कर–ए–तैयबा से जुड़े थे। एनआईए के मुताबिक इन लोगों ने जानबूझकर तीनों आतंकवादियों को हमले से पहले हिल पार्क में पनाह दी थी।

............

झालावाड़ के सैनिक पवन प्रजापति का आज उनके पैतृक गांव खेरखेड़ा में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान तिरंगा यात्रा निकाली गई और समूचा वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। पवन असम में तैनात थे और एक हादसे का शिकार हो गए थे।

............

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों तक मॉनसूनी बारिश पहुंच गई है। मौसम विभाग ने आज राज्य के पूर्वी हिस्सों में हल्की से मध्यम तथा कोटा, उदयपुर तथा भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। पूर्वी राजस्थान में अगले दो दिनों में भारी बारिश की गतिविधियों में बढोतरी के आसार हैं। वहीं कल कोटा, भरतपुर और जयपुर संभाग में एक–दो स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। बीते 24 घंटों में माउंट आबू में सबसे ज्यादा 19 सेंटीमीटर पानी बरसा। वहीं भीलवाडा, चित्तौडगढ, राजसमंद, टोंक और झालावाड में भी तेज बरसात हुई।

इस बीच आज राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर अच्छी बरसात हुई। पाली में कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश का दौर चला। श्रीगंगानगर के पदमपुर, रत्तेवाला, मुकलावा और जिले में कई जगह हल्की बरसात हुई। सवाईमाधोपुर में भी रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना बना हुआ है।

हमारे बांसवाडा संवाददाता ने बताया कि जिले में कई जगह हो रही बरसात से मौसम में ठंडक घुल गई है। रविवार होने के कारण आज पिकनिक स्थलों पर भी खासी रौनक देखी जा रही है।

................

हनुमानगढ़ के कैंचियां में आज मिलावटी डीजल बनाने के कारखाने को पकड़ा गया। रसद विभाग की ओर से की गई इस कार्रवाई में 16 हजार लीटर से अधिक डीजल जब्त किया गया। ये फैक्ट्री से लोहे और प्लास्टिक की कई टंकियां भी बरामद की गईं। इससे पहले कल पल्लू में की गई छापेमारी में 40 हजार लीटर से ज्यादा अवैध डीजल पकड़ा गया था।

.............

"नशा मुक्त पखवाड़ा" के तहत लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान के बारे में जागरुक किया जा रहा है। 12 जून से शुरू हुए इस पखवाड़े में **''नशा छोड़ो–जीवन से नाता जोड़ो''** संदेश के साथ रैली, शपथ ग्रहण समारोह और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और स्कूलों में नुक्कड नाटकों के जरिए भी नशे से दूर रहने का परामर्श दिया जा रहा है।

.............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मन की बात मासिक कार्यक्रम आगामी रविवार को होगा। ये इस रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। श्रोता इसके लिए 27 जून तक सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर **1800–11–7800** पर दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

.............

25 जून संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू किया था। इस बार 25 जून को आपातकाल लागू होने की 50वीं वर्षगांठ है। ये दिन भारतीय इतिहास का काला अध्याय माना जाता है। इसे राजनीतिक उथल–पुथल और नागरिक स्वतंत्रता का दमन करने वाले दौर के रूप में याद किया जाता है।

.............